भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1420
गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में प्रशाद योजना

1420. श्री सुभाष चंद्र सिहं:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा सरकार ने 'प्रसाद' योजना के तहत कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;
(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक की गई कार्रवाई और उसके परिणाम के साथ-साथ तत्संबंधी अवस्थिति-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) पुरी जिला, जगन्नाथ धाम को अवसंरचना के विकास के लिए संस्वीकृत की गई निधि के उपयोग का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): महोदय, ओडिशा राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर, पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के अन्तर्गत "मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम- राम चंडी – देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास" परियोजना को 50 करोड़ की लागत से मार्च 2015 में मंजूरी दी गई थी और 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई थी। परियोजनाओं में पुरी में पर्यटक सुविधा केंद्र का विकास, श्री जगन्नाथ विश्रामस्थली और एम्फीथिएटर का विकास और श्री जगन्नाथधाम पुरी बीच, गुंडिचा मंदिर, रामचंडी मंदिर पर विकास कार्य, प्राची रिवर फ्रंट और मां मंगला मंदिर में कार्य शामिल हैं।

अभी तक परियोजना में 10 प्रतिशत से भी कम प्रगति हुई है और राज्य सरकार से कोई उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

****